कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून-248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135-2608646

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/563 दिनांक :26मार्च, 2020

सेवा में,

अध्यक्ष / महासचिव,
रेड क्रास सोसाईटी उत्तराखण्ड।

विषय : COVID-19 रोकथाम एवं नियंत्रण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक, आपके कार्यालय के पत्रांक भा0रे0क्र0सा0उ0 / 20 / 2019–20 / 1748 दिनांक 19 / 03 / 2020 के क्रम में अवगत कराना है कि समस्त विश्व के साथ–साथ उत्तराखण्ड राज्य में भी कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम के प्रयास गतिमान है। इस क्रम में राज्य रेड क्रास सोसाईटी से मदद की पहल किया जाना सराहनीय है। इस समय में रेड क्रास सोसाईटी से निम्नवत अपेक्षा है :

- रेड क्रास सोसाईटी द्वारा चिन्हित एवं प्रशिक्षित फर्स्ट रेस्पांडरों की सूची स्थानीय मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ साझा कर लें।
- सभी फर्स्ट रेस्पांडरों को इस आशय से संबोधित करें कि वह स्थानीय मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सहायता मांगे जाने पर कोरोना सम्भावित (जिन्होने पिछले 14 दिनों मे विदेश यात्रा की हो) की ट्रैकिंग में स्थानीय आशा / ए0एन0एम0 की सहायता करेंगे।
- क्वारेंटाइन सुविधाओं में बाहर निगरानी एवं अन्य सहायता रेड क्रास रेस्पांडरों द्वारा दिया जा सकता है।
- रेड क्रास अपनी ओर निम्नलिखित सामग्री उपलब्ध करा सकती है :

सामग्री	मात्रा
इन्फारेड थर्मामीटर	2000
पी0पी0ई0 किट	20000
एन095 मास्क	20000

भवदीय

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक : UKHFWS/NHM/IDSP/2020/ 564
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
3. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(युगल किशोर पन्त) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक

Scanned by CamScanner